# UPSSSC

## Previous Year Paper

### Forest Guard 11 Dec 2015

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# वन रक्षक (Forest Guard) भर्ती परीक्षा, 2015

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 11-12-2015)

## भाग-I : हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

**निर्देश प्र.सं. (1-5) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिये दिये गये चार विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–**

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु देशों की अधिकांश जनता और सम्पत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतंत्र देशों के संग्रहालयों में कुछ-न-कुछ आ गए हैं। अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जायेगा, जिससे बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो सकती है। इसलिए निशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण की जो प्रक्रिया अपनायी गई, उसी के कारण आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों का प्रयोग रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में भयंकर आतंक और विश्व-विनाश का भय कार्य कर रहा है।

**1. इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?**

(a) आतंक और सर्वनाश का भय
(b) विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड
(c) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका
(d) निशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति

**Ans :** (d) इस गद्यांश का मूल कथ्य निशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति है।

**2. भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा किसने दी?**

(a) अमेरिका ने
(b) अमेरिका की विजय ने
(c) जापान पर गिराये गए "अणु बम" ने
(d) बड़े देशों की प्रतिस्पर्द्धा ने

**Ans :** (c) भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा जापान पर गिराये गये "अणु बम" ने दी। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति द्वारा कुछ ही क्षणों में ही जापान को पराजित करना विनाशकारी शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा है।

**3. एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?**

(a) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से
(b) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से
(c) अमेरिका, रुस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्द्धा से
(d) अमेरिका की विजय से

**Ans :** (a) एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से हुआ है।

**4. बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्र क्यों बना रहे हैं?**

(a) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(b) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(c) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से
(d) पारस्परिक भय के कारण

**Ans :** (d) बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्र पारस्परिक भय के कारण बना रहे हैं।

**5. आधुनिक युग भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि**

(a) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं।
(b) अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।
(c) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है।
(d) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती हैं।

**Ans :** (b) आधुनिक युग भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।

**6. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?**

(a) सौराष्ट्री (b) गुरुमुखी
(c) देवनागरी (d) ब्राह्मी

**Ans :** (c) हिन्दी भाषा 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है। 'ब्राह्मी लिपि' से गुप्त लिपि का विकास हुआ। पंजाबी भाषा 'गुरुमुखी' लिपि में लिखी जाती है। ब्राह्मी लिपि 'ऋग्वेद' की लिपि है।

**7. निम्नलिखित में कौन स्वर नहीं है?**

(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ञ

**Ans :** (d) अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ओ, औ, ए, ऐ स्वर हैं। बाकी सभी अक्षर व्यंजन हैं अतः ञ व्यंजन है।
'ञ' 'च' वर्ग का पंचमाक्षर है यह व्यंजन है।

**8. सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ

**Ans :** (b) सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं।
1. पुरुष वाचक 2. निजवाचक 3. निश्चय वाचक 4. अनिश्चय वाचक 5. प्रश्न वाचक 6. सम्बन्ध वाचक

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द क्रिया विशेषण है?**

(a) तेज (b) बुद्धिमान
(c) मीठा (d) पहला

**Ans :** (a) 'तेज' शब्द क्रिया विशेषण है। बुद्धिमान, मीठा - गुणवाचक विशेषण हैं एवं पहला क्रमसूचक विशेषण है।

**10. सदा एक वचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द–**

(a) पौधा (b) पुस्तक
(c) सहायता (d) लड़का

**Ans :** (c) 'सहायता' हमेशा एक वचन में प्रयुक्त होता है। जबकि पौधा, पुस्तक, लड़का, लिंग, वचन कारक के कारण बहुवचन में भी प्रयोग होते हैं। जैसे - पौधा - पौधे, पुस्तक - पुस्तकें, लड़का - लड़के।

**निर्देश–प्र.सं. (11-15) : वाक्यांशों के लिए दिए गए विकल्पों में से प्रयुक्त शब्द का चयन कीजिए–**

**11. जिसकी आशा न की गई हो–**

(a) प्रतिआशा (b) अप्रत्याशित
(c) आशातीत (d) अप्रतिआशा

**Ans :** (b) जिसकी आशा न की गई हो-अप्रत्याशित
आशा से बहुत अधिक – आशातीत

**12. पृथ्वी के तीन ओर पानी वाला स्थान**

(a) द्वीप (b) प्रायद्वीप
(c) महाद्वीप (d) उपरोक्त कोई नहीं

**Ans :** (b) पृथ्वी के तीन ओर पानी वाला स्थान प्रायद्वीप कहलाता है। पानी के बीच उथले छोटे स्थान को 'द्वीप' कहते हैं। जबकि पानी के बीच में बड़े भूभाग को महाद्वीप कहते हैं। उदाहरण - **प्रायद्वीपीय** - भारत, **महाद्वीप** - एशिया, आस्ट्रेलिया आदि, **द्वीप** - अण्डमान निकोबार, लक्षद्वीप आदि।

**13. जिसके पास कुछ भी न हो**

(a) गरीब (b) अकिंचन
(c) दरिद्र (d) विनीत

**Ans :** (b) जिसके पास कुछ भी न हो – अकिंचन, जो जीता न जा सके - अजेय, जिस पर आक्रमण न किया गया हो - अनाक्रांत, जो कानून के विरुद्ध हो - अवैध।

**14. विशिष्ट अवसर पर विशिष्ट लोगों के समक्ष दिया गया विद्वतापूर्ण भाषण**

(a) सम्भाषण (b) अभिभाषण
(c) अपभाषण (d) अनुभाषण

**Ans :** (b) विशिष्ट अवसर पर विशिष्ट लोगों के समक्ष दिया गया विद्वतापूर्ण भाषण-**अभिभाषण**। दो लोगों या अधिक लोगों को बीच किया गया वार्तालाप-**सम्भाषण**।

**15. आदि से अन्त तक**

(a) आद्योपान्त (b) आदि
(c) दिगन्त (d) अन्तिम

**Ans :** (a) आदि से अन्त तक – आद्योपान्त। जहाँ से कोई चीज की शुरुआत हो - आदि। दिगन्त तथा अन्तिम समानार्थी शब्द है।

**16. नीचे दी गई पंक्तियों में पहली और अन्तिम पंक्ति को क्रमशः (1) और (6) संख्या दी गई है। बीच में चार वाक्यों को उचित क्रम में लगाये जिससे अर्थ पूर्ण वाक्य बन सके।**

(1) एक
(य) एक राष्ट्रीय चेतना
(र) की समीष्ट ही
(ल) लेकर रहने वाले व्यक्तियों
(व) भौगोलिक सीमा में
(6) देश है

(a) य र ल व (b) य ल व र
(c) व य ल र (d) व र ल य

**Ans :** (c) (1) एक (व) भौगोलिक सीमा में (य) एक राष्ट्रीय चेतना (ल) लेकर रहने वाले व्यक्तियों (र) की समीष्ट ही (6) देश है।

**17. ''ऐ राकेश! यहाँ आओ'' इस वाक्य में कौन सा कारक है?**

(a) अधिकरण कारक (b) सम्बोधन कारक
(c) कर्त्ता कारक (d) करण कारक

**Ans :** (b) 'ऐ राकेश! यहाँ आओ'' में सम्बोधन कारक है।

| कारक | चिन्ह |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से या के द्वारा |
| सम्प्रदान | को, के लिए |
| **अपादान** | **से या अलग होने पर** |
| संबंध | का, की के, रा , री, रे |
| अधिकरण | में, पर |
| **सम्बोधन** | **हे! ऐ! हो!, अरे!** |

**18. सीमा कुत्ते से डरती है। इस वाक्य में कौन सा कारक है?**

(a) अपादान कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्बोधन कारक

**Ans :** (a) सीमा कुत्ते से डरती है में 'अपादान कारक' है। भय एवं रक्षा के भाव में अपादान कारक होता है।

**निर्देश–प्र.सं. (19-20) : निम्नलिखित चार-चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–**

**19.** (a) प्रत्येक को दो-दो पुस्तकें दीजिए।
(b) प्रत्येक को दो पुस्तकें दीजिए।
(c) हर एक को दो-दो पुस्तकें दीजिए।
(d) प्रत्येक व्यक्ति को दो पुस्तकें दीजिए।

**Ans :** (b) शुद्ध वाक्य - 'प्रत्येक को दो पुस्तकें दीजिए।'

**20.** (a) उसे अनुत्तीर्ण होने का संशय है।
(b) उसे अनुत्तीर्ण होने का शक है।
(c) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशा है।
(d) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।

**Ans :** (d) ''उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।' वाक्य शुद्ध है।

**निर्देश–प्र.सं. (21-25) : निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–**

**21.** (a) प्रिथ्वी (b) पृथ्वी
(c) पृथवी (d) प्रिथवि

**Ans :** (b) शुद्ध वर्तनी 'पृथ्वी' है।

**22.** (a) कौतहल (b) कौतूहल
(c) कौतोहल (d) कोतोहल

**Ans :** (b) शुद्ध वर्तनी 'कौतूहल' है।

**23.** (a) रसायनिक (b) रासायनिक
(c) रासयनीक (d) रसयनिक

**Ans :** (b) शुद्ध वर्तनी 'रासायनिक' है।

**24.** (a) अष्ठ (b) अश्ट
(c) अस्ट (d) अष्ट

**Ans :** (d) शुद्ध वर्तनी 'अष्ट' है।

25. (a) त्रिदोश (b) तिरदोष
(c) तृदोष (d) त्रिदोष

Ans : (d) शुद्ध वर्तनी 'त्रिदोष' है।

**निर्देश–प्र.सं. (26-27) : नीचे दिये गये शब्दों में तत्सम शब्द का चयन कीजिए–**

26. (a) तेल (b) तैल
(c) तिल (d) तील

Ans : (b) "तैल" तत्सम है तिल, तेल तद्भव शब्द हैं।

27. (a) गाय (b) गौ
(c) गेय (d) गव्या

Ans : (b) 'गौ' गाय का तत्सम है। 'गव्या' देशज शब्द है तथा गाय तद्भव शब्द है।

**निर्देश प्र.सं. (28-30) : वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए–**

28. (a) समय का (b) सदुपयोग द्वारा
(c) मनुष्य देवता (d) बन जाता है

Ans : (a) शुद्ध वाक्य है '**समय के** सदुपयोग द्वारा मनुष्य देवता बन जाता है।" **समय का** के स्थान पर **समय के** शुद्ध होगा।

29. (a) तुमने अपनी (b) स्वेच्छा से
(c) यह काम किया है (d) कोई त्रुटि नहीं

Ans : (a) शुद्ध वाक्य है 'उसने अपनी स्वेच्छा से' यह काम किया है।" **तुमने** के स्थान पर **उसने** होगा।

30. (a) तुलसीदास ने (b) अवधी भाषा में
(c) अनेकों ग्रंथ (d) लिखें

Ans : (c) शुद्ध वाक्य 'तुलसीदास ने अवधी भाषा में **अनेक ग्रंथ** लिखें।'

**निर्देश–प्र.सं. (31-33) : नीचे लिखे मुख्य शब्द के चार अर्थ दिये गये हैं। सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ का चयन कीजिये।**

31. **रंग भवन**
(a) रंगा हुआ भवन (b) रंग बनाने का कारखाना
(c) नाट्य गृह (d) रंगरेलियाँ मनाने का स्थान

Ans : (c) 'रंग भवन' का अर्थ 'नाट्य गृह'। रंग (नाट्य) का मंच (स्टेज) का अर्थ रंगमंच है।

32. **प्रतिघात**
(a) चोट के बदले चोट (b) भारी चोट
(c) हत्या (d) उल्टे हाथ से चोट

Ans : (a) 'प्रतिघात' का अर्थ 'चोट के बदले चोट'
'हत्या' का अर्थ 'हाथ से प्राण हरना।'

33. **त्रिकालज्ञ**
(a) तीन समय तक (b) तीनों समय होने वाला
(c) कालतीत (d) सर्वज्ञ

Ans : (d) 'त्रिकालज्ञ' का अर्थ है तीनों कालों का ज्ञानी अर्थात सब कुछ जानने वाला = सर्वज्ञ

34. **"ले चला साथ मैं तुझे कनक ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक" में अलंकार बताइये?**
(a) रुपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) श्लेष

Ans : (b) 'ले चला साथ मैं तुझे कनक ज्यों भिक्षुक लेकर स्वर्ण झनक' में उत्प्रेक्षा अलंकार है। जिस वाक्य में **जनु, जानो, मनु, मानो, मनहुँ, ज्यों** आदि वाचक शब्द आये उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। जिस वाक्य में **सा, सी, से, सरिस, समान** आदि वाचक शब्द आये उपमा अलंकार होता है। श्लेष का अर्थ है 'चिपका हुआ' जिस वाक्य में एक शब्द के अनेक अर्थ निकले श्लेष अलंकार होता है। जैसे रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सबसून। जहाँ उपमेय में अपमान का भेद रहित आरोप हो रूपक अलंकार होता है। जैसे उदित उदय गिरि मंच पर रघुवर-बाल पतंग।

35. **"निसदिन बरसत नैन हमारे" इस पंक्ति में किस रस का वर्णन है?**
(a) वीर (b) भयानक
(c) वात्सल्य (d) शृंगार

Ans : (d) निसदिन बरसत नैन हमारे में '**शृंगार रस**' है। यह वियोग शृंगार है इसमें प्रेमिका को अपने प्रेमी के विषय में सोचकर उसके नैन से प्रतिदिन आँसू की बरसात हो रही है। जहाँ पर हृदय में उत्साह उत्पन्न हो वहाँ वीर रस होता है। जैसे–फहरी ध्वजा फड़की भुजा, बलिदान की ज्वालामुखी। जहाँ भय उत्पन्न करने वाली वस्तु या दृश्य को देखकर भय की सृष्टि हो भयानक रस होता है। जैसे–उधर गरजी सिंधु लहरिया कुटिल काल के जालों सी।

36. **किस रस को रस राज कहा जाता है?**
(a) शृंगार रस (b) वीर रस
(c) शांत रस (d) करुण रस

Ans : (a) ' शृंगार रस' को रस राज कहा जाता है। शृंगार रस के दो भेद है। (1) संयोग शृंगार, (2) वियोग शृंगार।
संयोग शृंगार जहाँ नायक और नायिका के मिलन का वर्णन हो। जैसे बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाए।
वियोग शृंगार –जहाँ नायक और नायिका के विरह (दूर) का वर्णन हो जैसे– हे! खग-मृग हे! मधुकर श्रेनी, तुम देखी सीता मृग नैनी।

37. **"<u>कोई</u> बच्चा नहीं खेलेगा।" रेखांकित शब्द क्या है?**
(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) सर्वनाम

Ans : (c) '<u>कोई</u> बच्चा नहीं खेलेगा।" रेखांकित शब्द 'सार्वनामिक विशेषण है सर्वनाम की संख्या 11 है। **मैं, आप, यह, वह, कोई, कुछ, कौन, क्या, जो, सो।**
जब सर्वनाम वाले शब्द विशेषण का कार्य करें तो उन्हें 'सार्वनामिक विशेषण' कहते हैं। जैसे- उसने भरपेट भोजन किया। गुण वाचक **विशेषण** - कालवाची, स्थानवाची, आकारवाची, रंगवाची, दशावाची होते हैं।
**परिमाण वाचक विशेषण-** माप तौल की वस्तुओं के प्रयोग में इसका प्रयोग होता है जैसे- बहुत, सब, सारा, समूचा।

38. **"विस्मय" स्थायी भाव किस रस में होता है?**
(a) हास्य (b) शांत
(c) अद्भुत (d) वीभत्स

Ans : (c) 'अद्भुत रस' का स्थायी भाव - विस्मय
'हास्य' रस का स्थायीभाव - हास
'शांत' रस का स्थायी भाव- निर्वेद/शम/वैराग्य
'वीभत्स' रस का स्थायी भाव - जुगुप्सा (घृणा)

39. **चौपाई के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती है?**

(a) 12 (b) 14
(c) 16 (d) 18

**Ans :** (c) चौपाई सममात्रिक छंद है। चौपाई में चार चरण होते हैं प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं।

40. **वीर रस का स्थायी भाव क्या है?**

(a) रति (b) हास्य
(c) उत्साह (d) क्रोध

**Ans :** (c) 'वीर' रस का स्थायी भाव - उत्साह
'हास्य' रस का स्थायी भाव - हास
शृंगार' रस का स्थायी भाव - रति
'रौद्र' रस का स्थायी भाव - क्रोध

**निर्देश–प्र.सं. (41-45) : उपयुक्त विलोम शब्द का चयन कीजिये–**

41. **उपकार**

(a) प्रतिकार (b) परोपकार
(c) अपकार (d) अनुपकार

**Ans :** (c) 'उपकार' का विलोम - अपकार। दूसरे पर किया गया उपकार - परोपकार। उपकार के प्रति किया गया उपकार - प्रत्युपकार

42. **अनिवार्य**

(a) अपरिहार्य (b) वैकल्पिक
(c) ऐच्छिक (d) (b) व (c) दोनों

**Ans :** (d) 'अनिवार्य' का विलोम 'वैकल्पिक व ऐच्छिक दोनों है। जबकि 'अपरिहार्य' का विलोम 'परिहार्य' होता है।

43. **विस्तृत**

(a) विस्तार (b) संक्षिप्त
(c) संक्षेप (d) संक्षिप

**Ans :** (b) 'विस्तृत' का विलोम-संक्षिप्त', 'विस्तार' का विलोम 'संक्षेप'

44. **उद्यम**

(a) प्रवीण (b) आलस्य
(c) नीरज (d) नृप

**Ans :** (b) 'उद्यम' का विलोम 'आलस्य'। नृप - राजा का पर्यायवाची है तथा नीरज - कमल का पर्यायवाची है।

45. **उन्मुख**

(a) प्रमुख (b) विमुख
(c) सन्मुख (d) त्रिमुख

**उत्तर (a)**

**Ans :** (b) 'उन्मुख' का विलोम 'विमुख', 'सन्मुख' विमुख का समानार्थी शब्द है।' 'प्रमुख' का विलोम गौण'

**निर्देश–प्र.सं. (46-48) : दिये गये सन्धि विच्छेद में सही विकल्प चुनिए–**

46. **रुपांतरण**

(a) रुप + अंतरण (b) रुप + आंतरण
(c) रुपा + अंतरण (d) रुपा + आतरण

**Ans :** (a) 'रूपांतरण' का संधि विच्छेद 'रूप + अंतरण' यह दीर्घ संधि है। अ + अ = आ ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, के बाद क्रमशः ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ स्वर आये तो दोनों मिलकर आ, ई, ऊ हो जाते हैं।

47. **दुराशा**

(a) दुरा + आशा (b) दुरा + शा
(c) दुः + आशा (d) दुर + आशा

**Ans :** (c) 'दुराशा' का संधि विच्छेद 'दुः + आशा' यह विसर्ग संधि है। विसर्ग के बाद स्वर/व्यंजन आने पर विसर्ग में जो विकार आता है उसे विसर्ग संधि कहते हैं। जैसे - निः + आहार = निराहार, दुः + आशा = दुराशा, तपः + भूमि = तपोभूमि, मनः + योग = मनोयोग।

48. **मनोयोग**

(a) मनोः + योग (b) मनः + योग
(c) मनः + आयोग (d) कोई नहीं

**Ans :** (b) 'मनोयोग' का संधि विच्छेद 'मनः + योग' यह विसर्ग संधि है। प्रश्न संख्या 47 की व्याख्या देंखे।

49. **पौ + अन को सन्धि युक्त करने पर क्या रूप है?**

(a) पवन (b) पावन
(c) पौन (d) पाचन

**Ans :** (b) 'पौ + अन' = पावन (औ + अ = आव) पो + अन = पवन (ओ + अ = अव्) यह अयादि संधि है।

50. **"संकर" शब्द का क्या अर्थ है?**

(a) तत्सम
(b) तद्भव
(c) विदेशी
(d) दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द

**Ans :** (d) 'संकर शब्द दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द ही संकर शब्द होता है।
जो शब्द संस्कृत के मूलरूप हिन्दी में प्रयुक्त हैं, **तत्सम** कहलाते है।
वे शब्द जो प्राकृत, पाली, अपभ्रंश से होते हुए हिन्दी में प्रचलित है **तद्भव** कहलाते है। जैसे-अखाड़ा, ओस, अगहन, आँसू आदि
वे शब्द जो भारतीय आर्य भाषाओं से भिन्न विदेशी जाति या परिवार से है, **विदेशी शब्द** होते हैं। जैसे अरबी, फारसी अंग्रेजी, फ्रेंच, जापानी, चीनी, तुर्की आदि।

51. **"अज्ञान" का तद्भव शब्द चुनिए।**

(a) अंजान (b) अजान
(c) अजाँना (d) अजाना

**Ans :** (b) 'अज्ञान' का तद्भव 'अजान' अंजान, अजाना देशज शब्द है

52. **"लवण" का तद्भव क्या होगा?**

(a) नोन (b) नमक
(c) लवंग (d) क्षार

**Ans :** (a) 'लवण' का तद्भव 'नोन'। नमक, क्षार समानार्थी शब्द है। 'लवंग' लौंग का तत्सम शब्द है।

53. **"ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।" इन पंक्तियों के रचयिता का नाम बताएँ।**

(a) मीराबाई (b) कबीरदास
(c) तुलसीदास (d) जायसी

**Ans : (b)** ''ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।'' पंक्तियों के रचनाकार 'कबीरदास' है। 'आदि अंत जसि कथ्था अहै, लिखि भाषा चौपाई' पंक्ति के रचनाकार 'जायसी'। 'बसो मेरे नैनन में नंदलाल' पंक्ति के रचनाकार 'मीराबाई'। 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग' के रचनाकार तुलसीदास।

**54. निम्नलिखित बोलियों में से कौन-सी बोली उत्तर प्रदेश में सामान्यतः नहीं बोली जाती?**

(a) अवधी (b) ब्रज
(c) मैथिली (d) खड़ी बोली

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश में सामान्यतः अवधी, ब्रज, खड़ी बोली बोली जाती है। जबकि 'मैथिली' बिहार राज्य के चम्पारन मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया आदि जिलों में बोली जाती है।

**55. ''कबीरदास'' भक्तिकाल की किस धारा के कवि थे?**

(a) सन्तकाव्य धारा (b) प्रेम काव्य धारा
(c) राम काव्य धारा (d) कृष्ण काव्य धारा

**Ans : (a)** 'कबीरदास' भक्ति काल की (संतकाव्यधारा) के कवि थे। प्रेम काव्य धारा के कवि 'जायसी' थे, राम काव्य धारा के तुलसीदास तथा कृष्ण काव्य धारा के कवि 'रसखान', 'नरोत्तमदास', 'सूरदास' आदि थे।

**56. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक प्रेमचन्द द्वारा लिखित नहीं है?**

(a) कायाकल्प (b) जय पराजय
(c) रंगभूमि (d) प्रेमाश्रय

**Ans : (b)** प्रेमचन्द्र द्वारा रचित पुस्तक कायाकल्प, रंग भूमि प्रेमाश्रय, वरदान, सेवासदन, गबन, गोदान, निर्मला आदि उपन्यास है। 'जय पराजय' 'उपेन्द्र नाथ अश्क' का नाटक है।

**57. निम्नलिखित में से कौन सी भाववाचक संज्ञा है?**

(a) भारत (b) लड़का
(c) मित्रता (d) पेड़

**Ans : (c) भाववाचक संज्ञा-**मित्रता, मुर्खता, घबराहट, बुढ़ापा, पाण्डित्य। भारत, पाकिस्तान, गंगा, मोहन, रविवार, सोमवार आदि व्यक्तिवाचक संज्ञा। लड़का, पेड़, गाय, पुस्तक, टेबुल, पशु, पक्षी आदि जातिवाचक संज्ञा है।

**58. ''गरीबों'' की सहायता करो। ''गरीब'' शब्द क्या है?**

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

**Ans : (c)** 'गरीब' शब्द जातिवाचक संज्ञा है जब किसी शब्द से पूरे समुदाय का बोध हो तो उसे जातिवाचक संज्ञा कहते है। जैसे - छात्र, गरीब, अमीर, व्यापारी, अधिकारी आदि।

**59. <u>जो</u> करेगा सो भरेगा। रेखांकित शब्द क्या है?**

(a) क्रिया विशेषण (b) संकेत वाचक सर्वनाम
(c) संबंध वाचक सर्वनाम (d) गुण वाचक सर्वनाम

**Ans : (c)** '<u>जो</u> करेगा सो भरेगा' में सम्बन्ध वाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम से किसी दूसरे सर्वनाम से सम्बन्ध स्थापित हो जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे - जो, सो।

**60. ''मीरा ने आधा लीटर दूध पी लिया'' में विशेषण है**

(a) गुणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) परिमाणवाचक (d) सार्वनामिक

**Ans : (c)** 'मीरा ने आधा लीटर दूध पी लिया' में परिमाण वाचक विशेषण है। यहाँ आधा लीटर माप की वस्तु है। जैसे पौवा, सेर, अद्धा, बहुत, कुछ, सब आदि।
**गुणवाचक विशेषण** शांत, अशांत, उचित, अनुचित, भला-बुरा, सीधा आदि। **संख्यावाचक विशेषण** एक, दो, पहला, दोनों, तीनों, आदि। जब सर्वनाम वाले शब्द विशेषण का कार्य करें तो उसे **सार्वनामिक विशेषण** कहते हैं। जैसे - <u>यह</u> आदमी विश्वासी है।

**निर्देश प्र.सं. (61-64) : नीचे लिखे शब्दों के उपयुक्त पर्यायवाची बताइये–**

**61. मेधावी**

(a) निष्ठावान (b) विद्वान
(c) विचारशील (d) प्रतिभाशाली

**Ans : (d) मेधावी** का पर्यायवाची-प्रतिभाशाली, विज्ञ, प्रज्ञ, समझदार, बुद्धिमान, अक्लमंद आदि। **विद्वान** का पर्यायवाची-विशारद, ज्ञानी, पंडित, सुधी, विशेषज्ञ आदि, **निष्ठावान** का पर्यायवाची श्रद्धावान, आस्थावान, विश्वासी आदि।

**62. जलनिधि**

(a) सागर (b) बादल
(c) बारिश (d) तालाब

**Ans : (a) 'जलनिधि'** का पर्यायवाची अर्णव, नदीश, सागर, सिंधु उदधि, पारावार, रत्नाकर अब्धि आदि। **'तालाब'** का पर्यायवाची-तड़ाग, पुष्कर, जलाशय, सर, दन्तमसरताल, सरोवर आदि। **'बादल'** का पर्यायवाची-मेघ, जलधर अभ्र, वारिवाह, घन नीरद आदि। **'बारिश'** का पर्यायवाची-वर्षा, वृष्टि, पावस, बरसात आदि।

**63. अमृत**

(a) पीयूष (b) उदक
(c) अम्बु (d) शहद

**Ans : (a) 'अमृत'** का पर्यायवाची पीयूष, अमिय, सुधा, सुरभोग, आदि। **'अम्बु'** का पर्यायवाची जल, नीर, वारि, तोय, सलिल, कुदक, मेघपुष्प आदि। **'शहद'** का पर्यायवाची-मधु, मकरंद, पुष्परस, माक्षिक आदि।

**64. मर्कट**

(a) पानी (b) पुत्र
(c) बंदर (d) मित्र

**Ans : (c) 'मर्कट'** का पर्यायवाची-बंदर, कपि, वानर, शाखामृग हरि। **'पुत्र'** का पर्यायवाची-आत्मज, सुत, बेटा, तनय, पूत लड़का आदि। **मित्र** का पर्यायवाची-सखा, दोस्त, यार, हमदम, मीत आदि। **'पानी'** का पर्यायवाची- 'अम्बु', जल, नीर, सलिल आदि।

**65. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द ''वृक्ष' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) तरु (b) विहग
(c) पादप (d) शाखी

**Ans : (b) वृक्ष** का पर्यायवाची पेड़, तरु, पादप, शाखी, रूख, द्रुम, विटप आदि **'विहग'** का पर्यायवाची पक्षी, खग, पंछी चिड़िया, परिंदा आदि।

66. ''उन्नीस'' शब्द में उपसर्ग है–

(a) उत्  (b) उत

(c) उन  (d) उन्

Ans : (a) 'उन्नीस' में 'उत्' उपसर्ग है।

67. निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय नहीं है?

(a) गुणवान  (b) दूजा

(c) इकहरा  (d) दुबला

Ans : (d) 'दुबला' शब्द में कोई प्रत्यय नहीं है। 'गुणवान' में 'वान' प्रत्यय है 'इकहरा' में 'हरा' प्रत्यय तथा 'दूजा' में 'आ' प्रत्यय है।

68. निम्नलिखित में से ''रुढ़'' शब्द कौन सा है?

(a) पंकज  (b) विद्यालय

(c) जलज  (d) कमल

Ans : (d) रूढ़ शब्द 'कमल' है। पंकज, जलज 'योगरूढ़' शब्द है। 'विद्यालय' शब्द यौगिक शब्द है।

69. ''इक'' प्रत्यय लगाने पर ''सप्ताह'' का रुप क्या होगा?

(a) सप्ताहिक  (b) साप्ताहिक

(c) साप्तहिक  (d) सप्तहिक

Ans : (b) 'इक' प्रत्यय लगाने पर 'सप्ताह' का रूप 'साप्ताहिक' होगा।

70. ''अभ्यागत'' शब्द में उपसर्ग है–

(a) अभि  (b) अ

(c) अभ्य  (d) अभ

Ans : (a) 'अभ्यागत' में 'अभि' उपसर्ग है, अन्य उदाहरण– अभिगमन, अभ्युदय आदि। 'अ' उपसर्ग से बने शब्द अचूक, अलग-अलग, अमिट, अडिग आदि।

**निर्देश प्र.सं. (71-75) : निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

71. आँख का पानी ढल जाना

(a) बुढ़ापा आ जाना

(b) प्रिय व्यक्ति का बिछुड़ जाना

(c) निर्लज्ज हो जाना

(d) देखने की ताकत कमजोर पड़ना

Ans : (c) 'आँख का पानी ढल जाना' मुहावरे का अर्थ 'निर्लज्ज हो जाना'।

72. थाली का बैंगन

(a) अधिक चिकना  (b) चौड़ा होना

(c) गोल होना  (d) सिद्धान्तहीन व्यक्ति

Ans : (d) 'थाली का बैंगन' मुहावरे का अर्थ 'सिद्धान्तहीन व्यक्ति'

73. तलवार की धार पर चलना

(a) नुकीला होना  (b) पराजित कर देना

(c) ईर्ष्या करना  (d) कठिन कार्य करना

Ans : (d) 'तलवार की धार पर चलना' मुहावरे का अर्थ 'कठिन कार्य करना' होगा।

74. चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते

(a) कंजूसी करना

(b) सीमित साधनों से काम चलाना

(c) छोटा होकर बड़ा काम करना

(d) सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते

Ans : (d) 'चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते' लोकोक्ति का अर्थ है 'सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते।'

75. अंधे के हाथ बटेर लगना

(a) अंधा भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है

(b) अंधेरे में कोई वस्तु मिल जाना

(c) अपात्र को बड़ी सफलता मिलना

(d) मुसीबत पर मुसीबत आना

Ans : (c) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का अर्थ 'अपात्र को बड़ी सफलता मिलना'।

76. ''पंचानन'' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष  (b) बहुव्रीहि

(c) कर्मधारय  (d) द्विगु

Ans : (b) 'पंचानन' का अर्थ पाँच हैं आनन अर्थात् 'शंकर' या सिंह यह बहुव्रीहि समास है। **बहुव्रीहि समास** में कोई पद प्रधान नहीं होता तथा दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं। जैसे लम्बोदर, दशानन, चक्रपाणि आदि। जिस समास का अंतिम पद प्रधान हो **तत्पुरुष समास** होगा। जैसे माखनचोर, गगनचुम्बी, रसभरा, पाकिटमार आदि। जिस समास का पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो **कर्मधारय समास** होगा। जैसे महाकवि, महात्मा, परमेश्वर नील कमल आदि। जिस समास का प्रथम पद संख्यावाची तथा दूसरा पद संज्ञा हो **द्विगु समास** कहा जाता है। जैसे त्रिभुज, अठन्नी, नवग्रह, पंचवटी, नवरत्न, आदि।

77. ''गंगाजल'' शब्द में समास का भेद बताइये?

(a) तत्पुरुष  (b) द्वन्द्व

(c) अव्ययीभाव  (d) कर्मधारय

Ans : (a) 'गंगा जल' अर्थात् 'गंगा का जल' तत्पुरुष समास है। जिस समास का दोनों पद प्रधान हो द्वन्द्व समास होगा जैसे-भाई-बहन, माता-पिता, ऊँचा-नीचा, आदि जिस समास का प्रथम पद अव्यय तथा दूसरा पद संज्ञा हो अव्ययीभाव समास होता है। जैसे-आजन्म, प्रतिदिन, भरपेट, प्रत्येक, प्रत्याहार आदि कर्मधारय समास उपरोक्त प्रश्न 76 देखें।

78. ''तीन बेर खाती थी वो तीन बेर खाती है।'' में कौन सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास  (b) यमक

(c) श्लेष  (d) रुपक

Ans : (b) "तीन बेर खाती थी वो तीन बेर खाती हैं" में यमक अलंकार है यहाँ प्रथम 'तीन बेर' का अर्थ तीन बार (संख्या से) तथा 'तीन बेर' का अर्थ 'समय' से है। जहाँ वाक्य में वर्णों की आवृत्ति कई बार हो अनुप्रास अलंकार होता है। जैसे-तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बाहु छाए' में 'त' वर्ण कई बार आया है। जहाँ वाक्य में एक ही शब्द के कई अर्थ निकले श्लेष अलंकार होता है। श्लेष अर्थात् चिपका हुआ। जैसे-रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून, पानी गये न उबरे मोती मानुष चून। पानी का तीन अर्थ है – मोती के लिए चमक, मनुष्य के लिए सम्मान तथा चूने के लिए जल (पानी)। जहाँ उपमेय को उपमान का रूप मान लिया जाए। रूपक अलंकार' होता है। जैसे-समय सिंधु चंचल है भारी

79. **अलंकार का शाब्दिक अर्थ होता है–**

(a) वस्त्र (b) वर्ण
(c) आभूषण (d) विशिष्ट

**Ans : (c)** 'अलंकार' का शाब्दिक अर्थ 'आभूषण'। 'वर्ण'--भाषा की सबसे छोटी इकाई 'वर्ण' है इसके दो भेद है। (1) स्वर (2) व्यंजन 'विशिष्ट' का शाब्दिक 'विशिष्ट' का शाब्दिक अर्थ–'सबसे अलग'

80. **''सतसई'' शब्द में समास का भेद बताइये?**

(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) द्वन्द्व

**Ans : (b)** 'सतसई' अर्थात् 'सात सौ' यह द्विगु समास है। कर्मधारय, द्वन्द्व, तत्पुरुष के लिए उपरोक्त प्रश्न (76, 77) देखिए।

## भाग-II (सामान्य जानकारी)

81. **बिरजू महाराज का सम्बन्ध किस शास्त्रीय नृत्य से है?**

(a) कत्थकली (b) कत्थक
(c) भारत नाट्यम (d) मणिपुरी

**Ans : (b) कत्थकली**– बल्लतोलत नारायण मेनन, उदयशंकर
**भरत नाट्यम** –यामिनी कृष्णमान सिंह, सोनल मान सिंह
**मणिपुरी**– शुक्र अमली सिंह, आतम्ब सिंह
**कत्थक**–बिरजू महाराज, बिन्दाजी महाराज, लच्छूमहराज

82. **भारत में किस राज्य में सर्वाधिक साक्षरता दर है?**

(a) केरल (b) तमिलनाडू
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**Ans : (a)** भारत में सर्वाधिक साक्षरता (अवरोही क्रम)
केरल – 94%
मिजोरम – 91.3%
त्रिपुरा – 88.7%

83. **ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी?**

(a) राजा राममोहन राय
(b) स्वामी विवेकानन्द
(c) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(d) राजगोपाल चटोपाध्याय

**Ans : (a)** ब्रह्म समाज – राजाराम मोहन राय
बेलूर मठ – स्वामी विवेकानन्द
आर्य समाज– स्वामी दयानन्द सरस्वती

84. **उत्तर प्रदेश राज्य में कौन सा जनपद तेल रिफायनरीज के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) बरेली (b) वाराणसी
(c) महोबा (d) मथुरा

**Ans : (d)** मथुरा में स्थित मथुरा रिफायनरी उत्तर प्रदेश के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की माँग को पूरा करने के उद्देश्य के साथ जनवरी 1982 में स्थापित किया गया था। यह इण्डियन आयल कार्पोरेशन की छठी रिफायनरी है,

85. **मुद्रा का क्या तात्पर्य होता है?**

(a) मूल्य का मापक
(b) कर्मचारी को मिलने वाला वेतन
(c) लाभांश
(d) किसी राज्य की प्रतिवर्ष की कुल आय

**Ans : (a)** मुद्रा (करेन्सी) पैसे के उस रूप को कहते हैं जिससे दैनिक जीवन में खरीद और बिक्री होती है। इसमें सिक्के और कागज के नोट दोनों आते हैं। यह मूल्य का मापक होता हैं। भारत की मुद्रा रूपया है।

86. **विश्व में प्लेटिनम का उत्पादन किस देश में सर्वाधिक होता हैं?**

(a) दक्षिण अफ्रीका (b) भारत
(c) चीन (d) जापान

**Ans : (a)** विश्व में प्लेटिनम का सर्वाधिक उत्पादन दक्षिण अफ्रीका (75 %) रुस– (13%), कनाडा (3%), अमेरिका (2%), करता है।

87. **किस मुगल शासक के आदेश पर सिक्खों के पाँचवें गुरु अर्जुन देव जी को मार दिया गया था?**

(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ (d) जहांगीर

**Ans : (d)** जहाँगीर द्वारा सिक्खों के पंचम गुरु अर्जुन देव को खुसरो की सहायता करने के आरोप में मृत्युदण्ड दिया गया।

88. **भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 29 अगस्त (b) 14 नवम्बर
(c) 27 जुलाई (d) 2 अक्टूबर

**Ans : (a) 29 अगस्त**-राष्ट्रीय खेल दिवस (ध्यान चंद के जन्म दिन पर)
**14 नवंबर**– बाल दिवस
**2 अक्टूबर** – लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती। गाँधी जयंती (अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस)

89. **सर्वाधिक प्राचीन पुराण कौन सा है?**

(a) मत्स्य पुराण (b) विष्णु पुराण
(c) नारद पुराण (d) वामन पुराण

**Ans : (a)** भारतीय ऐतिहासिक कथाओं का सबसे अच्छा क्रमबद्ध विवरण पुराणों में मिलता हैं इनकी संख्या 18 है। जिनमें से पाँच मत्स्य, वायु, विष्णु, ब्राह्मण, भागवत पुराण हैं।
पुराणों में मत्स्य पुराण सबसे प्राचीन एवं प्रमाणिक है।

90. **''सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा'' के रचियता कौन थे?**

(a) रविन्द्रनाथ टैगोर (b) मो. इकबाल
(c) महात्मा गाँधी (d) सी.आर. दास

**Ans : (b)** रवीन्द्र नाथ टैगोर – गीतांजलि के लेखक
मो.इकबाल – 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा'' के लेखक
महात्मा गाँधी – हिन्दस्वराज के लेखक

91. **निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है?**

(a) बड़ा इमामबाड़ा – लखनऊ
(b) निशात बाग – जम्मू कश्मीर
(c) फिरोजशाह कोटला – दिल्ली
(d) हुमायूँ का मकबरा – इलाहाबाद

**Ans : (d)** हुमायूँ का मकबरा दिल्ली में अवस्थित है। यह इमारत परिसर मुगल वास्तुकला से प्रेरित मकबरा स्मारक है। 1993 ई. में इस इमारत को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।

92. चन्द्रप्रभा मृगवन भारत के किस राज्य में स्थित है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

**Ans : (a)** चन्द्रप्रभा मृगवन भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित है। चन्द्रप्रभा वन्य जीव अभयारण्य ऐतिहासिक शहर वाराणसी से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

93. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?
(a) नृत्य (b) सिनेमा
(c) दूरदर्शन (d) खेलकूद

**Ans : (d)** अर्जुन पुरस्कार खेलकूद के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। अर्जुन पुरस्कार 1961 ई. में आरंभ किया गया इसमें 5 लाख रुपये नगद पुरस्कार दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष अधिकतम 15 खिलाड़ियों को उनके अद्वितीय खेल के लिए अर्जुन पुरस्कार दिये जाते हैं।

94. भारत में ''भारत कोकिला'' (Nightingale of India) के नाम से किसे जाना जाता है?
(a) लता मंगेशकर (b) इन्दिरा गाँधी
(c) सरोजिनी नायडू (d) पी.टी. उषा

**Ans : (c)** भारत कोकिला – सरोजनी नायडू
स्वर कोकिला – लता मंगेशकर
लौह महिला – इंदिरा गांधी
भारतीय एथलेटिक्स की गोल्डन गर्ल – पी.टी. ऊषा

95. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?
(a) डॉ. ज़ाकिर हुसैन (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(c) श्री वी.वी. गिरी (d) श्री बी.डी. जत्ती

**Ans : (b)** डा. एस. राधा कृष्णन – प्रथम उपराष्ट्रपति
डॉ. जाकिर हुसैन – भारत के तीसरे राष्ट्रपति
श्री वी.वी. गिरी – भारत के चौथे राष्ट्रपति
श्री बी.डी. जत्ती – भारत के पाँचवें उपराष्ट्रपति एवं भारत के राष्ट्रपति भी रहे।

96. भारत के राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसको सम्बोधित करते हैं?
(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) प्रधानमंत्री
(c) उपराष्ट्रपति (d) लोकसभा अध्यक्ष

**Ans : (c)** अनुच्छेद 56 (2) के अनुसार भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति को देता है। राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।
अनुच्छेद 61 के अनुसार संविधान के उल्लंघन की स्थिति में राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जाता है।

97. हैजा रोग से शरीर का कौन सा अंग प्रभावित होता है?
(a) त्वचा (b) आँत
(c) फेंफड़े (d) हृदय

**Ans : (b)** वाइब्रियो कॉलेरी एक जीवाणु है जो एंटेरोटॉक्सिन, कॉलेरा टॉक्सिन का उत्पादन करता है, जिसका प्रभाव छोटी आंत पर पड़ता है। इस रोग का लक्षण अधिक दस्त है।

98. वर्तमान में भारत में कौन सी पंचवर्षीय योजना लागू हैं?
(a) नौवीं (b) ग्यारहवीं
(c) दसवीं (d) बारहवीं

**Ans : (d)** वर्तमान में भारत में 12वीं पंचवर्षीय (2012-2017) योजना चल रही है, जिसमें कृषि विकास का लक्ष्य 4%,
उद्योग विकास दर का लक्ष्य 10.9%
सेवा में विकास दर का लक्ष्य 10% वार्षिक रखा गया है। और सकल घरेलू उत्पाद का दर का लक्ष्य 9% रखा गया है। जिसे बाद में घटाकर 8% वार्षिक कर दिया गया।
भारतीय अर्थव्यवस्था में 1979-80 ऐसा वर्ष रहा जब भारत प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक क्षेत्रों में ऋणात्मक वृद्धि दर पायी गयी है।
छठी योजना से लेकर 12 वी योजना तक सर्वाधिक खर्च ऊर्जा पर हो रहा है। उद्देश्य-तीव्र अधिक समावेशीय व धारणीय विकास

99. मलेरिया की दवा कुनैन किस वृक्ष से प्राप्त की जाती है?
(a) सिनकोना (b) बरगद
(c) नीम (d) यूकलिप्टस

**Ans : (a)** मलेरिया की दवा कुनैन एक दक्षिण अमेरिकी पेड़ सिनकोना की छाल से तैयार की जाती है।
यूरोप में सोलहवीं सदी में इसका सबसे पहले प्रयोग किया गया था।
–आमतौर पर कुनैन का प्रयोग मलेरिया के इलाज में किया जाता है, इसके अलावा कुछ अन्य दवा के निर्माण में इसका इस्तेमाल होता है, इसे टॉनिक वाटर में भी मिलाया जाता है।

100. भारत का ''सिलीकॉन वैली'' कहाँ स्थित है?
(a) चैन्नई (b) बेंगलुरु
(c) नौएडा (d) मोहाली

**Ans : (b)** बेंगलुरु को भारत का सिलिकान वैली कहा जाता है। क्योकि यहाँ पर सर्वाधिक आई.टी. कम्पनियाँ है। भारत के निर्यात में 33% का योगदान आई.टी. के क्षेत्र से है।

101. ''योजना आयोग'' के स्थान पर वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा कौन सा आयोग गठित किया गया है?
(a) नीति आयोग (b) प्रगति आयोग
(c) उन्नति आयोग (d) गति आयोग

**Ans : (a)** 15 मार्च, 1950 को योजना आयोग की स्थापना की गई थी। योजना आयोग को समाप्त करके 1 जनवरी, 2015 को मंत्रिमण्डल द्वारा प्रस्ताव लाकर नीति आयोग की स्थापना की गई। यह एक परामर्शदात्री एवं संविधानेत्तर संस्था है, जो सरकार के 'थिंक टैंक'' के रूप में कार्य करेगा और उसे नीतिगत एवं निर्देशात्मक गतिशीलता प्रदान करेगा।

102. गोबर गैस में मुख्ययतः कौन सी गैस होती है?
(a) मीथेन (b) क्लोरीन
(c) हीलियम (d) नाइट्रोजन

**Ans : (a)** गोबर गैस में मुख्यतः मीथेन 75% पायी जाती है।

103. राज्यसभा सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?
(a) 25 वर्ष (b) 30 वर्ष
(c) 31 वर्ष (d) 35 वर्ष

**Ans : (b) राज्यसभा सदस्यों की योग्यता** :–अनुच्छेद 84 के अनुसार कोई व्यक्ति
(क) भारत का नागरिक हो
(ख) उसकी आयु कम से कम 30 वर्ष हो।
(ग) कोई ऐसी अन्य अर्हताएँ जो संसद द्वारा माँगी गई हो
(घ) उम्मीदवार को संघ या उस राज्य क्षेत्र का पंजीकृत मतदाता होना चाहिए।

**104. वर्ष 2014-15 के लिये राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार से किस खिलाड़ी को सम्मानित किया गया?**

(a) रोहित शर्मा (b) सायना नेहवाल

(c) सानिया मिर्जा (d) सरदार सिंह

**Ans : (c)** देश का सर्वोच्च खेलरत्न पुरस्कार, राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार इस वर्ष टेनिस स्टार सानिया मिर्जा को दिया गया है। यह पुरस्कार पाने वाली पहली महिला खिलाड़ी है।
इसकी शुरूआत युवा कल्याण व खेल मंत्रालय द्वारा सन् 1991-92 ई. में हुआ। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले प्रथम विश्वनाथ आनंद (शतरंज) थे। वर्ष 2016 का राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड, साक्षी मलिक (कुश्ती), पी.वी. सिंधु (बैडमिंटन), दीपा करमाकर (जिम्नास्ट) तथा जीतू राय (निशानेबाजी) को एवं 2017 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार देवेन्द्र झाझरिया (पैराओलम्पिक) व सरदार सिंह (हाकी) को प्रदान किया गया।

**105. कैलकुलेटर किस प्रकार की कम्प्यूटर कार्य पद्धति पर कार्य करता है?**

(a) हाइब्रिड कम्प्यूटर (b) एनॉलॉग कम्प्यूटर

(c) डिजिटल कम्प्यूटर (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans : (c)** कम्प्यूटर एक प्रकार की गणितीय गणना करता है कैलकुलेटर डिजिटल कम्प्यूटर की पद्धति पर कार्य करता है।

**106. वह ताप जिस पर कोई ठोस वस्तु अपनी ठोस अवस्था से द्रव अवस्था में परिवर्तित हो, क्या कहलाता है?**

(a) वाष्पीकरण (b) गलनांक

(c) उर्ध्वपातन (d) प्लाज़मा

**Ans : (b)** निश्चित ताप पर ठोस का द्रव में बदलना गलन कहलाता है और इस निश्चित ताप को ठोस का गलनांक कहते हैं।

**107. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा "समाजवादी पेंशन योजना" कब प्रारम्भ की गई?**

(a) मार्च 2015 (b) जनवरी 2013

(c) जनवरी 2014 (d) जनवरी 2015

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल ने "समाजवादी पेंशन योजना" 28 जनवरी, 2014 को मंजूरी प्रदान की, समाजवादी पेंशन योजना का लाभ 40 लाख गरीब परिवारों को मिलना है।
समाजवादी पेंशन योजना तहत चयनित परिवारों को हर परिवारों को **ई-पेमेंट** के माध्यम से **500 रुपये प्रतिमाह** पेंशन मिलेगी।
योजना की निर्धारित शर्तों को पूरा करने पर प्रतिवर्ष पेंशन में 50 रुपये की बढ़ोतरी करने का प्रावधान है, लेकिन पेंशन की अधिकतम राशि 750 रु. होगी।

**108. निम्न में से क्या कार्बोहाइड्रेट के स्रोत नहीं हैं?**

(a) आलू (b) अनाज

(c) दूध (d) मुर्गा

**Ans : (d)** रासायनिक रूप से कार्बोहाइड्रेट्स पॉलिहाइड्रॉक्सी एल्डिहाइड या पॉलिहाइड्रॉक्सी कीटोन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स कार्बनिक पदार्थ हैं जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन व आक्सीजन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट के मुख्य स्रोत आलू, फल (केला, आम), अनाज (चावल, गेहूँ, मक्का), शर्करा (शहद, गन्ना, चुकन्दर, जैम), दूध आदि है। मुर्गा कार्बोहाइड्रेट का स्रोत नहीं है। 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट में 4 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

**109. उत्तर प्रदेश में लखनऊ मैट्रो के प्रथम चरण में कहाँ से कहाँ तक मैट्रो का चलना प्रस्तावित है?**

(a) सचिवालय से गोमती नगर

(b) सचिवालय से मुंशी पुलिया

(c) ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग

(d) चार बाग से हजरतगंज

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो प्रथम चरण में **ट्रासपोर्ट नगर से चारबाग** तक मेट्रो का चलना प्रस्तावित है।
उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के अलावा कानपुर और गाजियाबाद शहरों में मेट्रो रेल चलाने की योजना बनायी है। लखनऊ मेट्रो के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन ही योजनाएं बना रहा है।

**110. कितने माप से अधिक ध्वनि को "शोर" का नाम दिया जाता है?**

(a) 80 डेसीबल (b) 100 डेसीबल

(c) 120 डेसीबल (d) 140 डेसीबल

**Ans : (a)** कम्पन करने वाली प्रत्येक वस्तु ध्वनि उत्पन्न करती है ध्वनि की तीव्रता जब अधिक होती है तब वह कानों को अप्रिय लगने लगती है। इस अवांछनीय अथवा उच्च तीव्रता वाली ध्वनि को शोर कहते है ध्वनि का सामान्य मापक ईकाई डेसीबल (db) है।
डेसीबल मापक शून्य से शुरू होता है, जो सामान्य मनुष्य के कान से सुनी जा सकने वाली सर्वाधिक धीमी आवाज को प्रदर्शित करती हैं।

| **ध्वनि के स्रोत** | | **तीव्रता (db में)** |
|---|---|---|
| साधारण बातचीत | - | 30 - 40 |
| जोर से बातचीत | - | 50 – 60 |
| ट्रक-ट्रैक्टर | - | 90 – 100 |
| साइरन | - | 110 – 120 |
| जेट विमान | - | 140 – 150 |
| मशीनगन | - | 170 |
| मिसाइल | - | 180 |

80 डेसीबल से अधिक ध्वनि को शोर का नाम दिया जाता है।

**111. एक कम्प्यूटर में स्टोरेज माध्यम की क्षमता की ईकाई क्या होती है?**

(a) बाइट (b) बिट

(c) किलो (d) पिक्सल

**Ans : (a)** एक कम्प्यूटर की स्मृति सामान्य तौर से बाइट, किलोबाइट और मेगाबाइट के रूप में व्यक्त की जाती है, बिट - स्टोरेज की सबसे छोटी इकाई मानी जाती है। लेकिन बाइट का उपयोग हम स्टोरेज क्षमता मापने के लिए करते हैं। 1 बाइट = 8 बिट, 1 KB = 1024 बाइट, 1 MB = 1024 KB

**112. "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" कब मनाया जाता है?**

(a) 8 मई (b) 8 अप्रैल

(c) 8 मार्च (d) 8 जून

**Ans : (c)** 8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
8 मई– विश्व रेड क्रास दिवस/विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

**113. भारत में किसी राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन बनी?**

(a) श्रीमति फातिमा बीवी (b) श्रीमति विजय लक्ष्मी पंडित

(c) श्रीमति सुचेता कृपलानी (d) श्रीमति दुर्गा बनर्जी

**Ans : (c)** भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी (उत्तर प्रदेश) है।
भारत की प्रथम महिला उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश फातिमा बीबी है।

**114. उत्तर प्रदेश राज्य का भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन सा स्थान है?**

(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर मध्य में स्थित एक सीमान्त राज्य है, पूर्व से पश्चिम इसकी लम्बाई 650 किमी. तथा उत्तर से दक्षिण तक चौडाई 240 किमी. है, इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 2,40928 वर्ग किमी है जो कि सम्पूर्ण भारत के क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में राजस्थान प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय, महाराष्ट्र तृतीय तथा उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर है।

**115. निम्न में से किस व्यक्ति को सर्वप्रथम भारत रत्न पुरस्कार दिया गया?**

(a) सत्यजीत रे (b) सी. राजगोपालाचारी
(c) मदर टेरेसा (d) सी.वी. रमन

**Ans : (b)** भारत को सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न", कला, साहित्य विज्ञान या बड़े पैमाने पर जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए (26 जनवरी) गणतन्त्र दिवस के अवसर पर दिया जाता है। यह देश का सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसकी शुरुआत 1954 ई. में हुई थी।
1954 में भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले राजगोपालाचारी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया ये भारत रत्न प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति थे।
1954 में भारत रत्न से सम्मानित अन्य व्यक्ति इस प्रकार है– सर्वपल्ली राधाकृष्णन, चन्द्रशेखर, वैंकटरमान, भगवान दास।

**116. भारत में नदी पर बना सबसे लम्बा पुल कौन सा है?**

(a) गोदावरी सेतु – गोदावरी नदी
(b) विक्रमशिला सेतु – गंगा नदी
(c) नेहरु सेतु – सोन नदी
(d) महात्मा गाँधी सेतु – गंगा नदी

**Ans : (d)** महात्मा गांधी सेतु पटना से हाजीपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर उत्तर पश्चिम की दिशा में बना एक पुल है। यह दुनिया का सबसे लम्बा, एक ही नदी पर बना सड़क पुल है। इसकी लम्बाई 5575 मीटर है। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसका उद्घाटन 1982 में किया था।
वर्तमान में (मई, 2017 से) ब्रह्मपुत्र नदी पर बना 'भूपेन हजारिका सेतु' जिसे 'ढोला–सादिया सेतु' भी कहते है। सबसे बड़ा पुल है इसकी लम्बाई 9.15 किमी. है। यह सेतु असम तथा अरूणांचल प्रदेश को जोड़ती है।

**117. किसी क्षेत्र की औसत जलवायु को जानने के लिए निम्न में से किसका योगदान नहीं होता है?**

(a) वर्षा (b) वायु की गति
(c) वृक्षों की संख्या (d) आर्द्रता

**Ans : (c)** किसी क्षेत्र की औसत जलवायु को जानने के लिए वर्षा, वायु की गति, तथा आर्द्रता का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है जबकि वृक्षों की संख्या जलवायु के जानने के लिए कोई योगदान नहीं करता है।

**118. उत्तर प्रदेश वन निगम कब स्थापित किया गया?**

(a) 25 नवम्बर, 1974
(b) 25 नवम्बर, 1975
(c) 25 नवम्बर, 1976
(d) 25 नवम्बर, 1977

**Ans : (a)** उत्तर प्रदेश में वनों की अधिक प्रभावी संरक्षण विकास तथा वनोपज के वैज्ञानिक विदोहन के लिए स्थानीय प्राधिकरण के रूप में उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम 1974 के अन्तर्गत 25 नवंबर 1974 को उत्तर प्रदेश वन निगम की स्थापना हुई।

**119. भारत की सड़क प्रणाली का विश्व में कौन सा स्थान है?**

(a) दूसरा (b) चौथा
(c) पाँचवां (d) छठा

**Ans : (a)** भारत दुनिया में सबसे बड़ी सड़क प्रणाली वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। भारत में सड़को की लम्बाई 33.2 लाख किमी. है। जिसमें सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 7 है, जिसकी कुल लम्बाई 2369 किमी. है। यहाँ सर्वाधिक सड़कों वाला राज्य महाराष्ट्र है तथा भारत में सड़कों पर सर्वाधिक घनत्व गोवा में, सबसे कम घनत्व जम्मू कश्मीर में है। दुनिया की सबसे बड़ी सड़क प्रणाली संयुक्त राज्य अमेरिका में पायी जाती है।

**120. भारत में सिकन्दर लोदी का शासनकाल कब से कब तक था?**

(a) 1421-1434 ई. (b) 1451-1489 ई.
(c) 1489-1517 ई. (d) 1517-1526 ई.

**Ans : (c)** सिकन्दर लोदी बहलोल लोदी का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था, इसका मूल नाम **निजाम खाँ** था, और यह 17 जुलाई, 1489 को 'सुल्तान सिकन्दर शाह' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा, वह स्वर्णकार हिन्दू माँ की संतान था। धार्मिक दृष्टि से सिकन्दर लोदी असहिष्णु था। वह विद्या का पोषक प्रेमी था। गले की बीमारी के कारण 21 नवम्बर, 1517 को मृत्यु हो गयी। (शासन काल (1489-1517)

**121. "अतीत के चलचित्र" किस लेखक द्वारा लिखा हुआ उपन्यास है?**

(a) सुरेन्द्र कुमार (b) मुंशी प्रेमचंद
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) महादेवी वर्मा

**Ans : (d)** "अतीत के चलचित्र" महादेवी वर्मा द्वारा रचित एक रेखाचित्र है। महादेवी के रेखाचित्रों की यह विशेषता भी है कि उनके चरित्र चित्रण का तत्व प्रमुख रहा है।

**122. उत्तर प्रदेश राज्य के क्षेत्रफल का कुल कितना भाग "बनावरण" (FOREST AREA) है?**

(a) लगभग 5.88% (b) लगभग 6.88%
(c) लगभग 10.8% (d) लगभग 9.01%

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश राज्य की कुल क्षेत्रफल का **6.88%** भाग **(16583 वर्ग किमी.)** पर रिकार्ड वन है,
उत्तर प्रदेश में सामान्य रूप से पाये जाने वाले वन उष्ण कटिबन्धीय हैं लेकिन कुछ विशिष्टताओं के आधार पर इन्हें तीन भागों में बाँटा गया है।
(i) उष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती-वन (ii) उष्ण कटिबन्धीय शुष्क पर्णपाती वन (iii) उष्ण कटिबन्धीय कटीले वन।

**123. उत्तर प्रदेश राज्य में "इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी" की स्थापना कहाँ की जा रही है?**

(a) आगरा (b) नोएडा
(c) बरेली (d) कानपुर

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रानिक सिटी की स्थापना नोएडा में की जा रही है।

**124. भारत में हरित क्रान्ति का श्रेय किसको जाता है?**

(a) डॉ. रामाकृष्णन
(b) डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(c) डॉ. रंगाराजन
(d) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

**Ans : (d)** भारत में हरित क्रांति लाने का श्रेय डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को जाता है, भारत में हरित क्रांति की शुरुआत 1967-1968 में हुई।
भारत में हरित-क्रान्ति का सबसे अधिक प्रभाव गेहूँ, चावल की कृषि पर पड़ा है, परन्तु चावल की तुलना में गेहूँ के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई।

**125. भारत में सबसे लम्बी नदी कौन सी है?**

(a) गोदावरी (b) यमुना
(c) गंगा (d) ब्रह्मपुत्र

**Ans : (c)** गंगा नदी उत्तरांचल राज्य के उत्तरकाशी जिले में गोमुख के निकट गंगोत्री हिमनद से 3900 मी. ऊँचाई से निकलती है, यहाँ यह भागीरथी के नाम से जानी जाती है, देव प्रयाग से भागीरथी में अलकनन्दा नदी मिल जाती है। यही से दोनों मिलन को आगे बढ़ने पर गंगा नदी के नाम से जानी जाती है।
गंगा नदी हरिद्वार में मैदान में प्रवेश करती है, उत्तराखण्ड में 110 किमी उत्तर प्रदेश 1450 किमी., बिहार में 445 किमी. और पश्चिमी बंगाल में 520 किमी. कुल दूरी 2025 किमी. की दूरी तय करके बंगाल की खाड़ी में गिरती है इस प्रकार यह **2525** किलो मीटर की लम्बाई के साथ भारत की सबसे लम्बी नदी है।

**126. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मई 2015 से एक योजना के अन्तर्गत बसों की सेवा से सम्बन्धित जानकारी हेतु IVRS प्रणाली द्वारा किस टेलीफोन नं. पर सम्पर्क किया जा सकता है?**

(a) 149 (b) 151
(c) 161 (d) 111

**Ans : (a)** IVRS = (इन्ट्रैक्टिव वाइस रिस्पांस सिस्टम)
उत्तर प्रदेश सरकार के बसों की सेवा के लिए टेलीफोन नं. 149 शुरूआत की गई है।

**127. सौरमण्डल में सबसे छोटा ग्रह कौन सा है?**

(a) शनि (b) बुध
(c) मंगल (d) शुक्र

**Ans : (b)** बुध (Mercury), सौरमण्डल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य से निकटतम है। इसका कोई उपग्रह नहीं है तथा यह सूर्य की परिक्रमा सबसे कम समय (88 दिन) में पूरी करता है। इसका विशिष्ट गुण इसमें चुम्बकीय क्षेत्र का होना है।

**128. किस पूर्व प्रधानमंत्री को शांति पुरुष "Man of Peace" के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) पंडित जवाहरलाल नेहरु (b) लाल बहादुर शास्त्री
(c) राजीव गाँधी (d) चौ. चरण सिंह

**Ans : (b)**

| **नाम** | – | **उपनाम** |
|---|---|---|
| लाल बहादुर शास्त्री | – | शांति पुरुष |
| जवाहर लाल नेहरु | – | चाचा |

**129. वर्ष 2016 में विश्व क्रिकेट 20-20 प्रतियोगिता किस देश में आयोजित होनी है?**

(a) इंग्लैण्ड (b) भारत
(c) श्रीलंका (d) ऑस्ट्रेलिया

**Ans : (b)** आई.सी.सी. T-20 विश्व कप 8 मार्च से 3 अप्रैल के बीच भारत में खेला जाएगा।
इसमें कुल 8 टीमें है, जो 2-ग्रुप में रखी गयी है। भारत ग्रुप B-में है।
फाइनल मैच 3 अप्रैल को कोलकाता (ईडेन-गार्डेन) में हुआ था।
आई.सी.सी. 20-20 विश्व कप 2016 भारत (विजेता वेस्टइण्डीज, उपविजेता इंग्लैण्ड) में सम्पन्न हुआ। आई.सी.सी. 20-20 विश्व कप 2020 आस्ट्रेलिया में प्रस्तावित है।

**130. विश्व में चावल उत्पादन में भारत का कौन सा स्थान है?**

(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

**Ans : (b)** विश्व में चावल उत्पादन में चीन के बाद भारत का दूसरा स्थान है; भारत का खाद्यान्नों के अन्तर्गत आने वाले कुल क्षेत्र के 47% भाग पर चावल की खेती की जाती है?
विश्व में गेहूँ के उत्पादन में भी द्वितीय स्थान है।

## भाग-III (सामान्य बुद्धि परीक्षण)

**निर्देश प्र.सं. (131-132) : निम्न में से प्रश्न वाचक (?) चिन्ह के स्थान पर उपयुक्त विकल्प चुनिए।**

**131.**




(a) 58 (b) 60
(c) 63 (d) 70

**Ans : (d)** $(7 \times 5) + 5 = 40$
$(8 \times 6) + 6 = 54$
$(9 \times 7) + 7 = 70$

**132.**




(a) 96 (b) 88
(c) 78 (d) 72

**Ans : (c)** $9 \times 8 = \frac{72}{2} = 36$

$$10 \times 12 = \frac{120}{2} = 60$$

$$12 \times 13 = \frac{156}{2} = 78$$

**133. 20 से 60 तक की संख्याओं में ऐसी कितनी संख्याएँ है जो 3 से पूर्णतः विभाज्य हैं और जिनके दो अंकों का कुल योग 9 है।**

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**Ans : (a)** 20, तथा 60 के बीच संख्याएँ जिनके अंकों का योग 9 हैं– (27, 36, 45, 54)
ये सभी संख्यायें 3 से पूर्णतः विभाज्य है–
अतः संख्यायें (4) होगी।

**134. दो अंकों की किसी संख्या के अंकों का कुल योग 6 है। यदि इस संख्या में अंकों का स्थान परस्पर बदल दिया जाये तो इस प्रकार प्राप्त हुई नई संख्या और पहली संख्या के बीच 18 का अन्तर होता है। यह संख्या निम्नलिखित में से कौन सी होगी?**

(a) 60 (b) 51
(c) 42 (d) 15

**Ans : (c)** माना संख्या में दो अंक x तथा y हैं, जिसमें y इकाई का अंक है तथा x दहाई का।
अतः संख्या 10x + y है
शर्तानुसार $x + y = 6$........(i)
द्वितीय शर्त से, $(10x + y) - (10y + x) = 18$
$9x - 9y = 18$
$x - y = 2$ ...... (ii)
समी. (i) व (ii) को हल करने पर
$x = 4, y = 2$
अतः संख्या $= 10 \times 4 + 2 = 42$

**135. यदि 'a' का आशय 'x' हो; 'b' का आशय '÷' हो; 'c' का आशय '+' हो और 'd' का आशय '–' हो तो निम्नलिखित व्यंजकों का मान बताएँ :**
**21c 3d 6a 8b2**


(a) 48 (b) 13
(c) 0 (d) 72

**Ans : (c)** a → x
b → ÷
C → +
d → –
21 C 3 d 6 a 8 b 2 =
(का, भा., गु., जो., ध.) [BODMAS] के नियम से–
$= 21 + 3 - 6 \times 8 \div 2$
$= 21 + 3 - 6 \times 4$
$= 21 + 3 - 24$
$= 24 - 24 = 0$

**136. यदि बीते कल के पहले वाला दिन शनिवार था, तो आने वाले कल के बाद वाला दिन कौन सा होगा?**

(a) शुक्रवार (b) बृहस्पतिवार
(c) बुधवार (d) मंगलवार

**Ans : (c)**





**137. महीने का प्रथम दिन बुधवार है! यदि कार्यालय के केवल दूसरे व चौथे शनिवार और सभी रविवार को छुट्टी के रूप में जाना जाता है, तो उस महीने के कार्य दिवसों कीसंख्या कितनी होगी, यदि महीना 30 दिन का हो?**

(a) 24 (b) 25
(c) 23 (d) आंकड़े अधूरे हैं।

**Ans : (a)** यदि माह 30 दिन का है तथा पहला दिन बुधवार है तो माह में-
5- बुद्धवार, 5 वृहस्पतिवार, तथा अन्य दिन 4 होंगे।
2 शनिवार + 4 रविवार = 6 दिन छुट्टी
अतः कार्य दिवसों की संख्या $= 30 - 6 = 24$

**निर्देश–प्र.सं. (138-140) : दिये गये आरेख के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**
**निम्नलिखित आरेख में ''वृत्त'' कालेज प्रोफेसरों को निरुपित करता है, ''त्रिभुज'' शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को निरुपित करता है और ''आयत'' चिकित्सा विशेषज्ञों को निरुपित करता है।**




**138. आरेख का कौन सा भाग उन कॉलेज प्रोफेसरों को निरुपित करता है जो चिकित्सा विशेषज्ञ भी हैं?**

(a) A (b) X
(c) Y (d) Z

**Ans : (b)** वृत्त– प्रोफेसरों को
त्रिभुज – शल्य चिकित्सक
आयत – चिकित्सा विशेषज्ञ
चिकित्सा विशेषज्ञ, प्रोफेसर उस भाग में होंगे जो वृत्त और आयत दोनों हो किन्तु त्रिभुज में न हों–
अतः (x) होगे

**139. आरेख का कौन सा भाग उन शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को निरुपित करता है जो चिकित्सा विशेषज्ञ भी हैं किन्तु प्रोफेसर नहीं हैं?**

(a) X (b) B
(c) Z (d) C

**Ans : (c)** शल्य चिकित्सक, एवं चिकित्सा विशेषज्ञ–
आयत और त्रिभुज में होंगे किन्तु वृत्त में नहीं होंगे–
अतः (Z) होगा।

140. आरेख का 'C' भाग निम्नलिखित में से किसे निरुपित करता है?
(a) शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को
(b) चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को
(c) कॉलेज प्रोफेसरों को
(d) चिकित्सा विशेषज्ञों को

**Ans : (a)** आरेख का C-भाग केवल $\Delta$ में है
अतः केवल शल्य चिकित्सकों को निरुपित करेगा

**निर्देश–प्र.सं. (141-143) : नीचे दिये गये विकल्पों में से उसे चुनिये जो अन्य तीन से भिन्न है–**

**141.** (a) हिन्दी (b) उर्दू
(c) हिन्दू (d) मैथिली

**Ans : (c)** हिन्दू धर्म है, जबकि अन्य भाषायें हैं अतः (c) सही है?

**142.** (a) तोता (b) लोमड़ी
(c) ऊँट (d) बिल्ली

**Ans : (a)** तोता पक्षी है, जो उड़ सकता है तथा अन्य उड़ नहीं सकते और वे जानवर है अतः (a) सही है।

**143.** (a) त्रिभुज (b) स्पर्श रेखा
(c) वर्ग (d) आयताकार

**Ans : (b)** त्रिभुज, वर्ग, तथा आयात एक बहुभुज है जिनका क्षेत्रफल निकाला जा सकता है–
जबकि स्पर्श रेखा नहीं है। अतः (b) सही है।

**144. यदि किसी सांकेतिक भाषा में DOG को GOD लिखा जाता है और FOG को GOF लिखा जाता है, तो MOB को क्या लिखा जायेगा?**
(a) BON (b) OBM
(c) MBO (d) BOM

**Ans : (d)**
1 2 3 → 3 2 1
D O G → G O D (प्रतिस्थापन विधि)

1 2 3 → 3 2 1
F O G → G O F

1 2 3 → 3 2 1
M O B → B O M

**145. जो सम्बन्ध ''हृदय'' का ''रक्त'' से है वही सम्बन्ध ''फेफड़ों'' का किससे है?**
(a) श्वसन क्रिया (b) छाती
(c) ऑक्सीजन (d) हवा

**Ans : (c)** हृदय-रक्त को पम्प करता है जबकि फेफडा-ऑक्सीजन को पम्प करता है।

**146. निम्न में रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनिये :**
**B, E, I, L, __, S**
(a) P (b) Q
(c) R (d) M

**Ans : (a)**
2 5 9 12 16 19
B, E, I, L, P, S
+3 +4 +3 +4 +3
अतः (P) होगा।

**147. एक घन को सम्पूर्ण रूप से लाल रंग द्वारा रंगा गया और उसे 64 छोटे घनों में विभाजित करके अलग-अलग किया गया। बताइये ऐसे कितने घन होंगे जिनकी किसी सतह पर रंग नहीं होगा?**
(a) 8 (b) 10
(c) 16 (d) 24

**Ans : (a)** $N = \sqrt[3]{\phantom{64}}$
$N = \sqrt[3]{\phantom{6}}$
$N = 4$ [बड़े घन में छोटे घन की भुजाओं की संख्या]
अतः केन्द्रीय घनों की संख्या (ऐसे घन जिन पर कोई) रंग न हो
$= (N - 2)^3$
$= (4 - 2)^3$
$= 2^3 = (8)$

**148. यदि एक शीशे में देखने से पता चलता है कि घड़ी में 1 बजकर 30 मिनट हुये हैं, तो बताओं सही समय क्या था?**
(a) 6 बजकर 30 मिनट (b) 4 बजकर 30 मिनट
(c) 2 बजकर 30 मिनट (d) 10 बजकर 30 मिनट

**Ans : (d)** घड़ी को शीशे में देखने पर उसका प्रतिबिम्ब दिखता है– अतः वास्तविक समय 12.00 में से घटाकर प्राप्त किया जा सकता है।
12.00
1.30 (शीशे में समय)
10.30 वास्तविक समय

**149. निम्नलिखित को एक तार्किक क्रम में लिखिए :**
(1) ताला (2) दरवाजा
(3) चाबी (4) स्विच खोलना
(5) कमरा
(a) 4, 3, 1, 2, 5 (b) 5, 4, 3, 1, 2
(c) 3, 1, 2, 5, 4 (d) 4, 5, 2, 1, 3

**Ans : (c)** चाबी ताले में लगाकर दरवाजा खोलेंगे और कमरे में प्रवेश करके स्विच दबायेंगे।
अतः
चाबी → ताला → दरवाजा → कमरा → स्विच
सही क्रम होगा।

**150. '$x$' हफ्तों और '$x$' दिनों में कुल कितने दिन होंगे?**

(a) $7x$  (b) $8x$
(c) $14x$  (d) 7

**Ans : (b)**
चूँकि सप्ताह में दिनों की संख्या = 7
अतः $7x + x =$ 8 x दिन

**151. निम्न शृंखला में से गलत संख्या ज्ञात कीजिए :**
**3, 10, 36, 180, 1080, 7560, 60480**


(a) 10  (b) 180
(c) 1080  (d) 60480

**Ans : (a)** 9 ↓
3, 10, 36, 180, 1080, 7560, 60480
×3, ×4, ×5, ×6, ×7, ×8
अतः स्पष्ट है कि 10 के स्थान पर 9 होना चाहिए। अतः (a) गलत है।

**152. पाँच लड़कियों में नेहा, राधा से ज्यादा लम्बी है परन्तु अनु से छोटी है। राधा अंजू से छोटी है परन्तु पूनम से लम्बी है। बताइये पाँचों में से सबसे छोटी कौन है?**

(a) अनु  (b) राधा
(c) पूनम  (d) अंजू

**Ans : (c)**




पूनम सबसे छोटी हैं।
अथवा
अनु > नेहा > राधा
अंजू > राधा > पूनम
अतः पूनम सबसे छोटी है।

**153. रवि और किशोर को कक्षा में ऊपर से क्रमशः 13वां और 14वां स्थान प्राप्त हुआ। यदि कक्षा में कुल 39 छात्र हो तो नीचे से दोनों का कौन सा स्थान होगा?**


(a) 26वां एवं 25वां  (b) 27वां एवं 26वां
(c) 29वां एवं 28वां  (d) 27वां एवं 28वां

**Ans : (b)** रवि का नीचे से स्थान = कुल संख्या – ऊपर से स्थान + 1
= 39 – 13 + 1 = 27वाँ
किशोर का नीचे से स्थान = कुल संख्या – ऊपर से स्थान + 1
= 39 – 14 + 1 = 25 + 1 = 26वाँ

**154. एक व्यक्ति 16 मीटर दक्षिण की ओर जाकर बायीं ओर मुड़ जाता है और 5 मीटर चलता है। इसके बाद वह उत्तर की ओर मुड़ जाता है तथा 7 मीटर चलता है। फिर से दायीं ओर मुड़कर 12 मीटर चलता है। यदि फिर वह बायीं ओर मुड़ कर 9 मीटर चलता है, तो इस समय वह चलने वाले स्थान से कितनी दूरी पर है?**

(a) 16 मीटर  (b) 17 मीटर
(c) 18 मीटर  (d) 19 मीटर

**Ans : (b)**





प्रारंभिक स्थान = A,
अंतिम स्थान = F
बीच की दूरी = A F = 5 + 12
= 17 मीटर

**155. एक कूट भाषा में ABCD को 2468 और EFGH को 1357 लिखा जाता है तो उसी कूट भाषा में CAGE को क्या लिखेंगे?**


(a) 6453  (b) 6251
(c) 6521  (d) 6215

**Ans : (b)**
A B C D = 2 4 6 8
E F G H = 1, 3, 5, 7 } अक्षर कोडिंग विधि से
तो C A G E = 6, 2, 5, 1 होगा।

**156. कुछ कपड़ा व्यवसायी लोहे का भी व्यापार करते हैं। R द्वारा लोहा के व्यापारियों, T द्वारा कपड़े के व्यवसायियों तथा S द्वारा सभी व्यापारियों को निरुपित किया जाता है, तो इनके सम्बन्धों को दर्शाने के लिए सबसे उपयुक्त आरेख कौन सा होगा?**




**Ans : (a)**



157. यदि निम्नलिखित संख्याओं को बढ़ते क्रम में लगाया जाये, तो दूसरी संख्या का अंतिम अंक क्या होगा?

394, 287, 512, 463, 958

(a) 4 (b)7 (c)2 (d) 8

**Ans : (a)** बढ़ता क्रम –
287, 394, 463, 512, 958
↑ दूसरी संख्या
अंतिम अंक = (4)

158. वह संख्या ज्ञात कीजिये जिसके अंकों का गुणनफल उसके अंकों के योग से दुगुना है


(a)18 (b) 22 (c) 36 (d) 45

**Ans : (c)** माना x y,
$x \times y = 2(x+y)$
विकल्प से जाँच करने पर–
$3 \times 6 = 2(3+6)$
$18 = 18$
अतः 36 होगा।

159. राकेश दक्षिण की तरफ 25 मीटर चला। उसके बाद उसने बायीं ओर मुड़कर 20 मीटर चला। पुनः बांयी ओर मुड़कर 25 मीटर चला। अंत में वह दांयीं ओर मुड़कर 15 मीटर चला। अब वह प्रारम्भिक बिन्दु से किस दिशा में हैं?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**Ans : (a)**




प्रारम्भिक बिन्दु (A) :
अंतिम बिन्दु (E),
अतः चित्र सस्पष्ट है कि प्रारंभिक बिन्दु से पूर्व की ओर है।

160. यदि 31 से 60 तक की सभी संख्याओं में से ऐसी सभी संख्यायें जो 3 से भाज्य अथवा 3 को अपने किसी एक अंक के रूप में रखती हों, को हटा दिया जाये, तो कितनी संख्याएँ शेष बचेंगी?

(a) 18 (b) 12
(c) 14 (d) 16

**Ans : (b)**
31 से 60 तक कुल संख्या में = 30
[31-39] (9) [43,53] (2) + 42,45,48,51, 54,57,60
3 एक संख्या के रूप में = (11)   3 से भाज्य ( 7)
अतः कुल संख्या = 11 + 7 = 18
शेष संख्या 30 – 18 = 12 संख्या

161. जो सम्बन्ध "तंग" और "चौड़ा" में हैं वही सम्बन्ध "पतला" का किससे है?

(a) छोटा (b) मोटा
(c) लम्बा (d) नुकीला


**Ans :** (b)
तंग का विलोम चौड़ा
पतला का विलोम मोटा

**निर्देश–प्र.सं. (162-166) : नीचे दिये गये विकल्पों में से कौन सा विकल्प प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आयेगा?**

162. ABCD : JKLM :: JKLM : ?

(a) STUV (b) RSTU
(c) QRST (d) PQRS

**Ans : (a)**




163. 11 : 17 :: 19 : ?

(a) 23 (b) 29
(c) 27 (d) 31

**Ans : (b)** जिस प्रकार,
11 → 17
अगली दूसरी अभाज्य संख्या
उसी प्रकार,
19 → 29
अगली दूसरी अभाज्य संख्या

164. 3 : 10 :: 5 : ?

(a) 25 (b) 15
(c) 27 (d) 26

**Ans :** (d)
3 : 10 :: 5 : 26
$3 + 1 = 10$   $5^2 + 1 = 26$

**165. DDFE : DFEE :: JJCR : ?**

(a) JCRR  (b) JCCR
(c) JRRC  (d) JJRC

**Ans : (a)** जिस प्रकार,

D D F E ⟶ D F E E
1 2 3 4 ⟶ 1 3 4 4

उसी प्रकार,

J J C R ⟶ J C R R
1 2 3 4 ⟶ 1 3 4 4

अतः ? = J C R R

**166. जीवन : मृत्यु :: आशा : ?**

(a) दर्द  (b) निराशा
(c) दुखीः  (d) आनन्द

**Ans :** (b) जीवन का विलोम मृत्यु। आशा का विलोम निराशा

**167. निम्नलिखित शब्दों को उचित क्रम में लगायें।**

(1) उत्तर प्रदेश  (2) ब्रह्माण्ड
(3) लखनऊ  (4) संसार
(5) भारत

(a) 3, 1, 5, 4, 2  (b) 3, 4, 1, 5, 2
(c) 3, 2, 1, 4, 5  (d) 3, 5, 2, 1, 4

**Ans : (a)**

लखनऊ ⟶ उत्तर प्रदेश ⟶ भारत ⟶ संसार ⟶ ब्रह्माण्ड

(जिला ⟶ प्रदेश ⟶ देश ⟶ संसार ⟶ ब्रह्माण्ड)

अतः (a) सही है।

**168. "?" के स्थान पर सही विकल्प चुनिये :**

121, 144, 169, ?, 225

(a) 81  (b) 100
(c) 256  (d) 196

**Ans : (d)**

$11^2 = 121,$
$12^2 = 144,$
$13^2 = 169$
$14^2 = 196,$
$15^2 = 225$

**169. निम्नलिखित अक्षर संख्या संयोजन शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?**

**2B, 4C, 8E, 14H, ?**

(a) 22L  (b) 16K
(c) 20L  (d) 20J

**Ans : (a)**

+2, +4, +6, +8

2 B, 4 C, 8 E, 14 H, ? = 22 L

+1, +2, +3, +4

**170. निम्नलिखित शृंखलाओं में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर कौन सी संख्या होगी?**

**5, 18, ?, 174, 525, 1578**

(a) 72  (b) 90
(c) 82  (d) 57

**Ans : (d)**

5 × 3 + 3 = 18 × 3 + 3 = 57 × 3 + 3 = 174 ⟶ (×3+3) 525 ⟶ (×3 + 3) 1578


पूर्ववर्ती संख्या × 3 + 3 = अनुवर्ती संख्या

अतः (d) सही है।

**171. एक सीढ़ी पर पाँच लड़कियाँ बैठी हैं। सरला, चित्रा से ऊपर की ओर है पर डेजी से नीचे है। विम्मी, सरला और चित्रा के बीच है। डेजी, अनु व सरला के मध्य है। सबसे ऊपर कौन है?**

(a) डेजी  (b) अनु
(c) विम्मी  (d) चित्रा

**Ans :** (b)




चित्र से स्पष्ट है कि अनु सबसे ऊपर है।

**172. एक व्यक्ति आयु में अपनी पत्नी से 4 वर्ष बड़ा है और उसकी आयु उसके पुत्र की आयु से 4 गुना के बराबर है। यदि आज से 4 वर्ष बाद पुत्र की आयु 16 वर्ष हो तो उसकी माँ की वर्तमान आयु क्या है?**

(a) 48 वर्ष  (b) 45 वर्ष
(c) 44 वर्ष  (d) 42 वर्ष

**Ans : (c)** प्रश्नानुसार,

वर्तमान में पुत्र की आयु = 16 – 4 = 12 वर्ष

पिता की आयु = 12 × 4 = 48 वर्ष

∴ माता की आयु = 48 – 4 = 44 वर्ष

**निर्देश प्र.सं. (173-174) : नीचे दिये गये विकल्पों में से विषम विकल्प ज्ञात कीजिये–**

**173. 16, 36, 64, 84**

(a) 16 (b) 36
(c) 64 (d) 84

**Ans : (d)**

16, 36, 64, 84

$4^2=16$, $6^2=36$, $8^2=64$, यह किसी भी संख्या का वर्ग नही है अतः 84 विषम है।

**174. 65, 120, 58, 195**

(a) 65 (b) 120
(c) 58 (d) 195

**Ans : (c)**
65, 120 तथा 195 संख्यायें 5 से विभाज्य हैं जबकि 58, 5 से विभाज्य नहीं है अतः विषम है।

**175. निम्नलिखित शृंखला में ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके तुरन्त पहले दो सम संख्यायें हैं?**

**9,8,6,4,2,7,5,6,7,3,2,1,9,4,2,3,3**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**Ans : (a)**
विषम संख्या जो -2 से पूर्णतः विभाजित न हो।
सम संख्या - जो-2 से पूर्णतः विभाजित हो जाए।
9, 8, 6, [4, 2, 7] 5, 6, 7, 3, 2, 1, 9, [4, 2, 3] 3
I II
पहली विषम संख्या 7 तथा दूसरी 3 है जिनके पहले 2 सम संख्याऍं है।

**176. निम्नलिखित में से कौन सी शृंखला 1050, 210, 42 शृंखला के समतुल्य है?**

(a) 95, 19, 3 (b) 60, 12, 2
(c) 125, 25, 6 (d) 75, 15, 3

**Ans : (d)**

1050 ÷ 5 = 210 ÷ 5 = 42

अतः स्पष्ट है कि पहली संख्या में 5 से भाग देने पर ही दूसरी संख्या प्राप्त होती है—

75 ÷ 5 = 15 ÷ 5 = 3

**177. निम्न में से कौन सा युग्म शेष तीन युग्मों से भिन्न अथवा विजातीय है?**

(a) 3, 11 (b) 5, 13
(c) 8, 16 (d) 14, 24

**Ans : (d)**
$(3, 11) \Rightarrow 3+8=11$
$(5, 13) \Rightarrow 5+8=13$
$(8, 16) \Rightarrow 8+8=16$
$(14, 24) \Rightarrow 14+\boxed{10}=24$
अतः स्पष्ट है कि (14, 24) भिन्न है।

**178. जब मेरा जन्म हुआ उस समय मेरी माँ की आयु 23 वर्ष थी। उसके 6 वर्ष बाद मेरी बहन का जन्म हुआ उस समय मेरे पिताजी की आयु 34 वर्ष थी। मेरे माता-पिता की आयु में कितने वर्ष का अन्तर है?**

(a) 5 वर्ष (b) 6 वर्ष
(c) 8 वर्ष (d) 11 वर्ष

**Ans : (a)** मां की उम्र = 23 वर्ष
∴ 6 वर्ष बाद माँ की उम्र = 23 + 6 = 29 वर्ष
पिता की उम्र = 34 वर्ष
∴ पिता और मां की उम्र का अंतर = 34 – 29 = 5 वर्ष

**179. निम्न सारणी में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उपयुक्त विकल्प लिखिए–**

| | | |
|---|---|---|
| 48 | 121 | 73 |
| 66 | 225 | 159 |
| 77 | 169 | ? |

(a) 86 (b) 232
(c) 92 (d) 96

**Ans : (c)** $121-48=73$
$225-66=159$
अतः $169-77=\boxed{92}$

**180. यदि '+' का अर्थ 'x" हो, '–' का अर्थ '+' हो, '×' का अर्थ '÷' हो और '÷' का अर्थ '–' हो तो निम्न का मान ज्ञात कीजिए–**

**3 × 2 + 4 – 2 ÷ 9 = ?**

(a) –1 (b) 1
(c) –2 (d) 0

**Ans : (a)** $3\times2+4-2\div9$
प्रश्नानुसार चिह्नों को बदलने पर,
$3\div2\times4+2-9$
$=3\times2+2-9=8-9=-1$